भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

वित्त वर्ष 2016-17 के लिए भा.वि.प्रा. का वित्तीय परिणाम

नई दिल्ली, 07 जून, 2017: वित्तीय वर्ष 2017 में अब तक की उच्चतम 12,542 करोड़ रुपए की कुल आय (पिछले वर्ष 10,824 करोड़ रुपये) और 8,024 करोड़ रुपए की प्रचालन आय (पिछले वर्ष 6,876 करोड़ रुपए) दर्ज की गई।

भा.वि.प्रा. बोर्ड ने वार्षिक वित्तीय विवरण को दिनांक 06.06.2017 को मंजूरी दी।

भा.वि.प्रा. ने वित्त वर्ष 2017 में रिकॉर्ड 4,557 करोड़ रुपये का पीबीटी (पिछले वर्ष 3,697 करोड़ रुपये) और 3,115 करोड़ रुपये का पीएटी (पिछले वर्ष 2,537 करोड़ रुपये) का प्राप्त किया ।

भा.वि.प्रा. ने भारत सरकार को देय 934 करोड़ रुपये का लाभांश घोषित किया है। 22.02.2017 को पहले से ही 560 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश दिया जा चुका है।

31 मार्च, 2017 को संगठन का कुल मूल्य 15029 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 13038 करोड़ रुपए) और 31 मार्च 2017 को नियोजित पूंजी 11282 करोड़ (पिछले वर्ष 10540 करोड़ रुपए) रुपए है।

कुल मिलाकर, प्रमुख मानदंडों पर वित्तीय प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।

-- -- --------

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (पीआर),

9811521881, 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 13 / 2017-18